रजिस्ट्री सं० डी० (डी०)-73

REGISTERED No. D (D)-73

CENTRAL SECRETARIAT LIBRARY

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र

The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 39] नई दिल्ली, शनिवार, सितम्बर 29, 1979/आश्विन 7, 1901

No. 39] NEW DELHI, SATURDAY, SEPTEMBER 29, 1979/ASVINA 7, 1901

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके ।

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)

PART II—Section 3—Sub-section (ii)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़ कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को छोड़ कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा जारी किये गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं

Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)

भारत निर्वाचन आयोग

आदेश

नई दिल्ली, 24 अगस्त, 1979

का०आ० 3301.—यत, निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि जून, 1977 में हुए पश्चिमी बंगाल विधान सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 246-रानीबान्ध (अ०ज०जा०) निर्वाचन-क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री रघुनाथ हेमब्रम, ग्राम चुर्कु, डाक० मुचीकाटा, जिला बंकुरा, बकुरा, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल करने में असफल रहे हैं,

और यत, उक्त उम्मीदवार ने, उसे सम्यक् सूचना दिए जाने पर भी, अपनी इस असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नहीं दिया है, और, निर्वाचन आयोग का यह भी समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायौचित्य नहीं है ।

अब, अब उक्त अधिनियम की धारा 10-क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री रघुनाथ हेमब्रम को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान-सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है ।

[संख्या प०सं०-वि०म०/246/77]

ELECTION COMMISSION OF INDIA

ORDER

New Delhi, the 24th August, 1979

S.O. 3301.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Raghunath Hembram, Vill. Churku, P.O. Muchikata, Distt. Bankura, Bankura a contesting candidate for general election to the West Bengal Legislative Assembly held in June, 1977, from 246-Ranibandh (ST) constituency, has failed to lodge an account of his election expenses as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder;

And wheras the said candidate, even after due notice, has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is satisfied that he has no good reason or justification for the failure;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said

Shri Raghunath Hembram to be disqualified for being chosen as, and for being, a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order

[No. WB-LA/246/77]

M. L. CHANDA, Under Secy.

नई दिल्ली 17 सितम्बर, 1979

का० आ० 3302.—लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 106 के अनुसरण में निर्वाचन आयोग, 1979 की निर्वाचन अर्जी सं० 1 में दिया गया उच्च न्यायालय, बिहार, पटना, का तारीख 20 अगस्त, 1979 का आदेश प्रकाशित करता है ।

"IN THE HIGH COURT OF JUDICATURE AT PATNA

Election Petition No. 1 of 1979

Patna, the 20th August, 1979

Smt. Tarakeshwari Sinha . . .Petitioner

Vs.

Smt. Tarakeshwari Sinha . . . Petitioner

Mr. S. N. P. Sharma. the learned counsel for the petitioner submits that he has been instructed by the petitioner to intimate that the petitioner does not want to pursue the present election petition and that the same may be dismissed as not pressed.

In the circumstances, the election petition is dismissed as not pressed without costs.

Sd/- Manoranjan Prasad"

True Copy

M. M. Raza

20-8-79.

[सं०-82/बिहार-लो०म०/1/79]

एम०एल० चन्द, अवर सचिव

आदेश

नई दिल्ली, 16 अगस्त, 1979

का०आ० 3303:—यत निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि जून, 1977 में हुए मध्य प्रदेश विधान सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 228-मुलताई निर्वाचन क्षेत्र मे चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री शिवाजी पवार मार्फत बंसीलाल पवार, पोस्ट जौल खेडा, तहसील मुलताई, जिला बेतूल (मध्य प्रदेश) लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित रीति में अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल करने में असफल रहे है;

और यत, उक्त उम्मीदवार ने, सम्यक् सूचना दिए जाने पर भी, इस असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नही दिया है और निर्वाचन आयोग का यह भी समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायौचित्य नही है;

अत: अब, उक्त अधिनियम की धारा 10-क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री शिवाजी पवार को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है ।

[सं० म०प्र०-वि०स०/228/77]

ORDER

New Delhi, the 16th August, 1979

S.O. 3303.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Shivaji Pawar C/o Shri Bansi Lal Pawar, P.O. Jaul-kheda, Tehsil Multai, District Betul (Madhya Pradesh) a contesting candidate for general election to the Madhya Pradesh Legislative Assembly held in June, 1977 from 228-Multai constituency, has failed to lodge an account of his election expenses in the manner required by the Reiresentation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder ;

And wheras the said candidate, even after due notice, has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is satisfied that he has no good reason or justification for the failure;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shrfi Shivaji Pawar to be disqualified for being chosen as, and for being, a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. MP-LA/228/77]

आदेश

नई दिल्ली, 23 अगस्त, 1979

का०आ० 3304:—यत, निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि 1977 में हुए लोक सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 28-बैतूल संसदीय निर्वाचन-क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री अब्दुल रज्जाक मोहम्मद अकबर शाह, पापुलर टेलर, बेतूलगंज-बैतूल, जिला बैतूल (मध्य प्रदेश), लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययो का कोई भी लेखा दाखल करने में असफल रहे हैं;

और यत:, उक्त उम्मीदवार ने, सम्यक् सूचना दिए जाने पर भी, इस असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नहीं दिया है और निर्वाचन आयोग का यह भी समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायौचित्य नही है;

अत, अब, उक्त अधिनियम की धारण 10-क के अनुसरण मे निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री अब्दुल रज्जाक मोहम्मद अकबर शाह को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है ।

[सं० म०प्र०-लो०म०/28/77]

आदेश से,

ORDER

New Delhi, the 23rd August, 1979

S.O. 3304.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Abdul Razzak Mohd. Akbar Shah, Popular Tailor, Betulganj, Betul, Distt. Betul, Madhya Pradesh, a contesting candidate for general election to the House of the People held in 1977 from 28-Betul Parliamentary constituency, has failed to lodge an account of his election expenses at all as required by the Representaion of the People Act, 1951 and the Rules made thereunder ;

And whereas the said candidate, even after due notice, has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is satisfied that he has no good reason or justification for the failure;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri Abdul Razzak Mohd. Akbar Shah to be disqualified for

being chosen as, and for being, a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. MP HP/28/77]

आदेश

नई दिल्ली, 30 अगस्त, 1979

का०आ० 3305:—यत:, निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि 1977 में हुए मध्य प्रदेश विधान सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 24 करैरा निर्वाचन-क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री भाव सिंह, ग्राम बेसोरा कलां, पोस्ट डामरोन कलां, तहसील करैरा, जिला शिवपुरी (मध्य प्रदेश) लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का कोई भी लेखा दाखिल करने में असफल रहे हैं,

और यत:, उक्त उम्मीदवार ने, उसे सम्यक् सूचना दिए जाने पर भी, इस असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नहीं दिया है और निर्वाचन आयोग का यह भी समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायौचित्य नहीं है,

अत:, अब, उक्त अधिनियम की धारा 10-क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री भाव सिंह को संसद् के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है।

[सं० म०प्र०-वि०स०/24/77]

ORDER

New Delhi, the 30th August, 1979

S.O. 3305.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Bhav Singh, Village—Besora Kalan, Post—Damron Kalan, Teh Karera, District Shivpuri, Madhya Pradesh a contesting candidate for general election to the Madhya Pradesh Legislative Assembly held in 1977 from 24-Karera constituency, has failed to lodge an account of his election expenses at all as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder;

And whereas the said candidate, even after due notice, has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is satisfied that he has no good reason or justification for the failure;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri Bhav Singh to be disqualified for being chosen as, and for being, a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a state for a period of three years from the date of this order.

[No. MP-LA/24/77]

आदेश

का०आ० 3306.—यत: निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि 1977 में हुए मध्य प्रदेश विधान सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 58-पवई निर्वाचन-क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री टीका राम चौरसिया ग्राम व पो०आ०-मोहन्द्रा, तहसील पवई, जिला पन्ना (मध्य प्रदेश), लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित समय के अन्दर तथा रीति से अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल करने में असफल रहे हैं,

और, यत:, उक्त उम्मीदवार द्वारा दिए गये अभ्यावेदन पर विचार करने के पश्चात्, निर्वाचन आयोग का यह भी समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायौचित्य नहीं है,

अत:, अब, उक्त अधिनियम की धारा 10-क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री टीकाराम चौरसिया को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है।

[सं० म०प्र०-वि०स०/58/77]

ओ०ना० नागर, अवर सचिव

ORDER

S.O. 3306.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Tikaram Chaurasiya, Village—Mohendra, Tehsil—Pawai, Distt. Panna (M.P.), a contesting candidate for general election to the Madhya Pradesh Legislative Assembly held in 1977 from 58-Pawai constituency, has failed to lodge an account of his election expenses within the time and in the manner required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder;

And whereas after considering the representation made by the said candidate, the Election Commission is satisfied that he has no good reason or justification for the failure;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri Tikaram Chaurasiya to be disqualified for being chosen as, and for being, a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. MP-LA/58/77]

O. N. NFGAR, Under Secy.

आदेश

नई दिल्ली, 28 जुलाई, 1979

का०आ० 3307.—यत:, निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि फरवरी, 1978 में हुए विधान सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 43-बारपेटा निर्वाचन-क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री अधर ज्ञान, गांव गायन हट्टी, पो० बारपेटा, जिला कामरुप (आसाम) लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल करने में असफल रहे हैं,

और, यत:, उक्त उम्मीदवार ने, उसे सम्यक् सूचना दिए जाने पर भी, अपनी इस असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नहीं दिया है, और आयोग का यह भी समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायौचित्य नहीं है ;

अत:, अब, उक्त अधिनियम की धारा 10-क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री अधर ज्ञान को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है।

[संख्या आसाम-वि०स०/43/78]

ORDER

New Delhi, the 28th July, 1979

S.O. 3307.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Adhar Gayan, Vill. Gayanhati, P O. Barpeta, District Kamrup (Assam) a contesting candidate for general election to the Legislative Assembly held in February, 1978 from 43-Barpeta constituency, has failed to lodge an account of his election expenses as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder;

And whereas the said candidate, even after due notice, has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is satisfied that he has no good reason or justification for the failure;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri Adhar Gayan to be disqualified for being chosen as, and for being, a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order

[No AS-LA/43/78]

नई दिल्ली, 5 सितम्बर, 1979

का०आ० 3308—लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 (1950 का 43) की धारा 13 क की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत निर्वाचन आयोग, केरल सरकार के परामर्श से श्री एम०पी० माधवन नैयर के स्थान पर, श्री जे०एस० जेसुदासन, आई०ए० एस०, विशेष सचिव, गृह विभाग, केरल सरकार को उनके कार्यभार संभालने की तारीख और अगले आदेशों तक केरल राज्य के मुख्य निर्वाचन आफिसर के रूप में एतद्द्वारा नाम निर्देशित करता है ।

[सं० 154/केरल/79]

New Delhi, the 5th September, 1979

S.O. 3308.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 13A of the Representation of the People Act, 1950 (43 of 1950), the Election Commission of India, in consultation with the Government of Kerala hereby nominates Shri J. S. Jesudasan, IAS, Special Secretary, Home Department, Government of Kerala, as the Chief Electoral Officer for the State of Kerala with effect from the date he takes over charge and until further orders vice Shri M. P. Madhavan Nair.

[No 154/KL/79]

नई दिल्ली, 6 सितम्बर, 1979

का०आ० 3309—लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 (1950 का 43) की धारा 13 क की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत निर्वाचन आयोग, आसाम सरकार के परामर्श से श्री पी० एन० राव के स्थान पर, श्री के०एम० राव, आई०ए०एस०, आयुक्त, हिल्स डिविजन, आसाम सरकार को तारीख 7 सितम्बर, 1979 (अपराह्न) से अगले आदेशों तक आसाम सरकार के मुख्य निर्वाचन आफिसर के रूप में एतद्द्वारा नामनिर्देशित करता है ।

[सं० 154/आसाम/79]

वी० नागसुब्रमण्यम, सचिव

New Delhi, the 6th September, 1979

S.O. 3309.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Sec. 13A of the Representation of the People Act, 1950 (43 of 1950), the Election Commission of India, in consultation with the Government of Assam hereby nominates Shri K. S Rao, IAS, Commissioner, Hills Division, Government of Assam, as the Chief Electoral Officer for the State of Assam with effect from the afternoon of 7th September, 1979 and until further orders vice Shri P. N. Rau.

[No. 154/AS/79]

V. NAGASUBRAMANIAN, Secy.

वित्त मंत्रालय

(राजस्व विभाग)

नई दिल्ली, 7 जून, 1979

(आय-कर)

का०आ० 3310—केन्द्रीय सरकार, आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 80 छ की उपधारा 2(ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त धारा के प्रयोजनार्थ 'श्री अय्यप्पा मन्दिर हरद्वार' को उत्तर प्रदेश राज्य में सर्वत्र विख्यात लोक पूजा का स्थान अधिसूचित करती है ।

[सं० 2851 (फा०स० 176/73/77–आई०टी०ए०I)]

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Revenue)

New Delhi, the 7th June, 1979

INCOME-TAX

S.O. 3310—In exercise of the powers conferred by sub-section (2)(b) of Section 80G of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961) the Central Government hereby notifies 'Shri Ayyappa Temple, Hardwar' to be a place of public worship of renown throughout the State of Uttar Pradesh for the purposes of the said Section.

[No 2851 (F. No. 176/73/77-IT.AI)]

का०आ० 3311—केन्द्रीय सरकार, आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 80 छ की उपधारा 2(ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त धारा के प्रयोजनार्थ 'श्री काशी विश्वनाथ स्वामी मंदिर, सेंट-थामस माउन्ट, मद्रास' को, तमिलनाडु राज्य में सर्वत्र प्रख्यात लोक पूजा का स्थान अधिसूचित करती है ।

[सं० 2852(फा०स० 176/87/78–आई०टी० ए–1)]

बी०एम० सिंह, अवर सचिव

S.O. 3311.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) (b) of Section 80G of the Income tax Act, 1961 (43 of 1961) the Central Government hereby notifies 'Sri Kasi Viswanatha Swami Temple, St. Thomas Mount, Madras' to be a place of public worship of renown throughout the State of Tamil Nadu for the purposes of the said Section.

[No. 2852 (F. No. 176/87/78-IT/AI)]

B M SINGH, Under Secy.

नई दिल्ली, 30 जून, 1979

आय-कर

का०आ० 3312—केन्द्रीय सरकार, आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 10 की उपधारा (23-ग) के खण्ड (5) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, "खेमीसतीजी मंदिर ट्रस्ट, झुनझुनू" को निर्धारण वर्ष 1975-76 के लिए और से उक्त धारा के प्रयोजनार्थ अधिसूचित करती है ।

[सं० 2898 (फा० सं० 197/191/78 आ०क०/ग1)]

जे० पी० शर्मा, निदेशक

New Delhi, the 30th June, 1979

INCOME-TAX

S.O. 3312.—In exercise of the powers conferred by clause (v) of sub-section (23C) of section 10 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby notifies "Khemsatiji Mandir Trust, Jhunjhunu" for the purpose of the said section for and from the assessment year(s) 1975-76.

[No 2898 (F No 197/191/78-IT/AI)]

I P SHARMA, Director

(आर्थिक कार्य विभाग)

नई दिल्ली, 10 सितम्बर, 1979

बैंकिंग प्रभाग

का०आ० 3313—प्रादेशिक ग्रामीण बैंक अधिनियम, 1976 (1976 का 21) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार, एतद्द्वारा इस विभाग की दिनांक 10 जुलाई, 1979 की समसंख्यक अधिसूचना में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात्—

उक्त अधिसूचना में "श्रीनगर एवं अनन्तनाग के "जिलों" शब्दों के स्थान पर" श्रीनगर, बडगाम, अनन्तनाग तथा पुलवामा के जिले" प्रतिस्थापित किये जायेंगे।

[संख्या एफ० 1-4/77-आर०आर०बी० (1)]

(Department of Economic Affairs)

New Delhi, the 10th September, 1979

BANKING DIVISION

S.O. 3313.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 3 of the Regional Rural Banks Act, 1976 (21 of 1976), the Central Government hereby makes the following amendment in this Department's Notification of even number dated the 10th July, 1979 namely :—

In the said notification, for the words "districts of Srinagar and Anantnag" the words "districts of Srinagar, Badgam, Anantnag and Pulwama" shall be substituted

[No. F. 1-4/77-RRB(I)]

नई दिल्ली, 22 सितम्बर, 1979

का. आ. 3314.—प्रादेशिक ग्रामीण बैंक अधिनियम, 1976 (1976 का 21) की धारा 11 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, एतद्द्वारा श्री एन पी दूबे को सरगुजा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, अम्बिकापुर का अध्यक्ष नियुक्त करती है तथा 2 अक्तूबर, 1979 से प्रारम्भ होकर 30 सितम्बर, 1982 को समाप्त होने वाली अवधि को उस अवधि के रूप में निर्धारित करती है जिसके दौरान उक्त श्री दूबे, अध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगे।

[संख्या एफ. 1-7/79-आर आर बी]

दिनेश चन्द्र, निदेशक

New Delhi, the 22nd September, 1979

S.O. 3314.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 11 of the Regional Rural Banks Act, 1976 (21 of 1976), the Central Government hereby appoints Shri N P Dubey as the Chairman of the Surguja Kshetriya Gramin Bank, Ambikapur and specifies the period commencing on the 2nd October, 1979 and ending with the 30th September, 1982 as the period for which the said Shri Dubey shall hold office as such Chairman

[No F 1-7/79-RRB]

DINESH CHANDRA, Director

नई दिल्ली, 10 सितम्बर, 1979

का०आ० 3315—बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 53 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक की सिफारिश पर एतद्द्वारा घोषणा करती है कि उक्त अधिनियम की धारा 19 की उपधारा (2) के उपबन्ध 29 जनवरी, 1980 तक न्यू बैंक आफ इंडिया लिमिटेड, नई दिल्ली पर उस सीमा तक लागू नहीं होंगे जहां तक उनका सम्बन्ध प्लेजी के रूप में इसके द्वारा मैसर्स माजदा थियेटर्स प्राइवेट लिमिटेड के शेयरों की धारिता से है।

[संख्या 15(22)-बी०आ०-III/79]

एन०डी० बत्रा, अवर सचिव

New Delhi, the 10th September, 1979

S.O. 3315.—In exercise of the powers conferred by section 53 of the Banking Regulation Act, 1949 (10 of 1949) the Central Government on the recommendation of the Reserve Bank of India hereby declares that the provisions of sub-section (2) of section 19 of the said Act shall not apply to the New Bank of India Ltd, New Delhi upto the 29th January, 1980 in respect of the shares of M/s Mazda Theatres Pvt. Ltd held by it, as pledgee

[No 15(22)-B O III/79]

N. D. BATRA, Under Secy.

नई दिल्ली, 11 सितम्बर, 1979

का०आ० 3316—बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 56 के साथ पठित धारा 53 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक की सिफारिश पर एतद्द्वारा घोषणा करती है कि उक्त अधिनियम की धारा 9 के उपबन्ध "बिग कांचीपुरम को-आपरेटिव टाउन बैंक लिमिटेड, कांचीपुरम" पर इस अधिसूचना के भारत के राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से 1 मार्च, 1981 तक उस सीमा तक लागू नहीं होंगे जहां तक उनका सम्बन्ध इसके द्वारा ग्राम एरीवाक्कम, कांचीपुरम, तालुक, जिला चिंगलपट, तमिलनाडु में स्थित कुछ गैर बैंकिंग परिसम्पत्तियों अर्थात् सर्वे नं० 53 में 1 06 एकड़ (4 24 एकड़ का चौथाई भाग) की धारिता से है।

[संख्या 8(23)/79-ए० सी०]

New Delhi, the 11th September 1979

S.O. 3316.—In exercise of the powers conferred by Section 53 read with Section 56 of the Banking Regulation Act, 1949 (10 of 1949) the Central Government on the recommendation of the Reserve Bank of India, hereby declares that the provisions of Section 9 of the said Act shall not apply to the Big Kancheepuram Co-operative Town Bank Ltd, Kancheepuram in so far as they relate to its holding of certain non-banking assets viz, 1 06 acres (1/4 share of 4.24 acres) of land in survey No 53 at Erivakkam village, Kancheepuram Taluka Chinglepet District, Tamil Nadu from the date of publication of this notification in the Gazette of India to 1st March, 1981.

[No. 8(23)/79-AC]

नई दिल्ली, 12 सितम्बर, 1979

का०आ० 3317—बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 56 के साथ पठित धारा 53 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक की सिफारिश पर, एतद्द्वारा घोषणा करती है कि उक्त अधिनियम की धारा 9 के उपबन्ध चिपलून अर्बन को-आपरेटिव बैंक लिमिटेड, चिपलून पर इस अधिसूचना

के भारत के राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से 1 मार्च, 1982 तक की अवधि के लिए उस सीमा तक लागू नहीं होंगे जहां तक उनका सम्बन्ध इसके द्वारा गैर बैंकिंग परिसम्पत्ति अर्थात् चिपलून म्युनिस्पल हाउस नं० 1396/1625, चिपलून सर्वे नं० 215ए (1)ए की धारिता से है।

[सख्या 8(24)/79-ए०सी०]

यशवन्त राज, अवर सचिव

New Delhi, the 12th September, 1979

S.O. 3317.—In exercise of the powers conferred by Section 53 read with Section 56 of the Banking Regulation Act, 1949 (10 of 1949) the Central Government, on the recommendation of the Reserve Bank of India, hereby declares that the provisions of Section 9 of the said Act shall not apply to Chiplun Urban Co-operative Bank Ltd., Chiplun in so far as they relate to its holding of non banking asset viz Chiplun Municipal House No. 1396/1625 at Chiplun Survey No 215A (1)A for a period from the date of the publication of this notification in the Gazette of India to 1 March, 1982.

[No. 8(24)/79-AC]

YASHWANT RAI, Under Secy.

वाणिज्य, नागरिक आपूर्ति एवं सहकारिता मंत्रालय

(वाणिज्य विभाग)

आदेश

नई दिल्ली, 20 सितम्बर, 1979

का०आ० 3318—केन्द्रीय सरकार की राय है कि निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 6 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत के निर्यात व्यापार के विकास के लिए ऐसा करना आवश्यक तथा समीचीन है कि डिब्बा बन्द मछली तथा मछली से बनी वस्तुओं का निर्यात से पूर्व निरीक्षण तथा क्वालिटी नियंत्रण किया जाना चाहिए,

और केन्द्रीय सरकार ने उक्त प्रयोजन के लिए नीचे विनिर्दिष्ट प्रस्ताव बनाए है और उन्हें निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1964 के नियम 2 के उप-नियम (2) की अपेक्षानुसार निर्यात निरीक्षण परिषद् को भेज दिया है,

अतः अब, उक्त उप-नियम के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार भारत सरकार के वाणिज्य मन्त्रालय की अधिसूचना सं० का०आ० 771 तारीख 6 मार्च, 1965 में, जहां तक कि वह झींगा मछली (चिंगट) को, लवण जल में पैक करने या शुष्क पैक करने के लिए डिब्बा बन्दी से संबंधित है तथा डिब्बा बन्द केकड़ा मीट से सबंधित सं० का०आ० 455 तारीख 5 फरवरी, 1977 को भागतः अधिक्रान्त करते हुए उक्त प्रस्तावों को उन व्यक्तियों की जानकारी के लिए प्रकाशित करती है जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना है।

2 सूचना दी जाती है कि यदि उक्त प्रस्तावों के बारे में कोई आपत्ति या सुझाव देना चाहता है तो वह उन्हें इस आदेश के सरकारी राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिन के भीतर निर्यात निरीक्षण परिषद्, वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर, 14/1 बी, एजरा स्ट्रीट (आठवीं मंजिल) कलकत्ता 700001 को भेज सकता है।

प्रस्ताव

(1) अधिसूचित करना कि डिब्बा बन्द मछली तथा मछली से बने उत्पादों का, निर्यात से पूर्व, क्वालिटी नियंत्रण तथा निरीक्षण किया जाएगा;

(2) इस आदेश के उपाबन्ध 1 में यथा उपवर्णित में डिब्बा बन्द मछली तथा मछली से बने उत्पाद निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण तथा निरीक्षण) नियम, 1979 के प्रारूप के अनुसार क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण के प्रकार को, निरीक्षण के ऐसे प्रकार के रूप में विनिर्दिष्ट करना जो ऐसी डिब्बा बन्द मछली तथा मछली से बने उत्पादों को निर्यात से पूर्व लागू होगा,

(3) इस आदेश के उपाबन्ध 1 में दिए गए विनिर्देशों को, डिब्बा बन्द मछली तथा मछली से बनी वस्तुओं के लिए मानक विनिर्देशों के रूप में मान्यता देना,

(4) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के दौरान, डिब्बा बन्द मछली तथा मछली से बने उत्पादों के निर्यात का तब तक प्रतिषिद्ध करना जब तक कि उसके साथ निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण तथा निरीक्षण) अधिनियम, 1963 की धारा 7 के अधीन केन्द्रीय सरकार से मान्यता प्राप्त अभिकरण द्वारा जारी किया गया उस आशय का निरीक्षण प्रमाण पत्र न हो कि ऐसी डिब्बा बन्द मछली तथा मछली से बने उत्पाद मानक विनिर्देशों के अनुरूप है तथा निर्यात योग्य है,

(5) इस आदेश की कोई भी बात भावी खेपों को, भूमि, जल या वायु मार्ग द्वारा डिब्बा बन्द मछली तथा मछली से बने उत्पादों के उन नमूनों के निर्यात को लागू नहीं होगी जिनका मूल्य 25 रुपये से अधिक नहीं है।

(6) इस आदेश में, डिब्बा बन्द मछली तथा मछली से बने उत्पाद से, वायुरुद्ध बन्द (टिन्ने) में पैक निम्नलिखित मछली उत्पाद है, अर्थात् :—

(1) लवण जल में या अन्य किसी अन्तर्राष्ट्रीय रूप में या शुष्क पैक किए हुए सभी प्रकार के झींगे/चिंगट।

(2) खाद्य केकड़ों से, जैसे माइल्ला सिरेटा प्रोटोनस पालजिक्स से प्राप्त लवण जल में बन्द केकड़ों का मांस या कोई अन्य अन्तर्राष्ट्रीय अनुमोदित पद्धति से डिब्बा बन्द केकड़े का मांस।

अनुबन्ध 1

मछली तथा मछली से बने उत्पाद निर्यात (निरीक्षण) नियम, 1964 को, जहां तक कि उनका सबंध ऐसी झींगा मछली (चिंगट) से है जो लवण जल में डिब्बा बन्द है या शुष्क पैक की गयी है, तथा डिब्बा बन्द केकड़े का मांस निर्यात (निरीक्षण) नियम, 1977 को अधिक्रमण करते हुए, निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम 1963 (1963 का 22) की धारा 17 के अधीन बनाए जाने के लिए प्रस्तावित नियमों का प्रारूप।

1 संक्षिप्त नाम तथा प्रारम्भ :

(1) इन नियमों का नाम डिब्बा बन्द मछली तथा मछली से बनी वस्तु निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1979 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2 परिभाषाए

इन नियमों में जब तक कि संदर्भ से, अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) "अधिनियम" से निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम 1963 (1963 का 22) अभिप्रेत है;

(ख) "अभिकरण" से अधिनियम की धारा 7 के अधीन मुम्बई, कलकत्ता, कोचीन, दिल्ली तथा मद्रास में स्थापित निर्यात निरीक्षण अभिकरणों में से कोई एक अभिप्रेत है;

(ग) "परिषद्" से अधिनियम की धारा 3 के अधीन स्थापित निर्यात निरीक्षण परिषद् अभिप्रेत है;

(1) "डिब्बा बन्द मछली तथा मछली से बने उत्पाद" से

(1) लवण जल या किसी अन्य अन्तर्राष्ट्रीय अनुमोदित रूप मे डिब्बा बन्द या शुष्क पैक सभी प्रकार के झींगे (चिगट) अभिप्रेत है,

(2) खाद्य केकड़ो, जैसे साइल्ला सिरेटा, प्रोटोनस पालिजियम के मास से प्राप्त लवण तथा लवण जल में या किसी अन्य अन्तर्राष्ट्रीय अनुमोदित रूप मे डिब्बा बन्द या शुष्क पैक केकड़े का मास अभिप्रेत है।

(क) 'मानक विनिर्देशो' से, लवण जल में या किसी अन्य अन्तर्राष्ट्रीय अनुमोदित रूप में या शुष्क पैक डिब्बा बन्द झींगो (चिगट) से सबधित लवण जल मे या किसी अन्य अन्तर्राष्ट्रीय अनुमोदित रूप मे केकड़े के मास से सबंधित विनिर्देश अभिप्रेत हैं।

3 क्वालिटी नियंत्रण

(क) प्रसंस्करण एकको की अपेक्षाए : अभिकरण द्वारा अनुमोदित प्रसंस्करण एकक ही, डिब्बा बन्द मछली तथा मछली से बने उत्पादो का निर्यात प्रसंस्करण करेंगे। ऐसा अनुमोदन केवल उन एककों को दिया जाएगा जिनके पास नीचे विहित रूप में न्यूनतम सुविधाए होंगी, जिनका न्यायनिर्णयन भारतीय निर्यात निरीक्षण परिषद् द्वारा गठित विशेषज्ञों के पैनल द्वारा किया जाएगा।

(1) वातावरण, बनावट तथा अभिन्यास :

केनरी तथा आसपास के क्षेत्र ऐसे होंगे कि उन्हें आपत्तिजनक गंध, धुए, धूल तथा अन्य सदूषणो से मुक्त रखा जा सके। डिब्बा बन्दी एकक के आसपास दलदल, कूड़े का ढेर तथा पशुगृह नही होने चाहिए जिससे स्वच्छता संबंधी कठिनाई उत्पन्न न हो। धूल तथा अन्य सदूषणों से बचाने के लिए प्रसंस्करण क्षेत्र के सभी निकटतम पहुच मार्गों पर, जो प्रसंस्करण-कर्ता के भौतिक नियंत्रण में है, कंकरीट या कोल बिछाया जाना चाहिए या घास उगाई जानी चाहिए। इमारतो में उपस्करों या कर्मचारियों के लिये पर्याप्त स्थान होना चाहिए। उनकी संरचना अच्छी होनी चाहिए तथा उसकी यथासमय उपयुक्त मरम्मत की जाती रहनी चाहिए। वे ऐसी डिजाइन तथाबनावट की होनी चाहिए कि कृन्तको, पक्षियों या अन्य प्रकार के कीड़ों के प्रवेश को रोका जा सके तथा सफाई पर्याप्त रूप से व आसानी से की जा सके।

प्रसंस्करण एकक किसी स्थायी स्वरूप के भवन मे होगा, जहां वर्षा तथा हवा से उड़कर आने वाली धूल जैसे जलवायु सबधी आम खतरो से पर्याप्त सुरक्षा रहे। विभिन्न अनुभागो का अभिन्यास इस ढग से किया जाएगा कि काम सुचारु रूप से चल सके तथा प्रसंस्करण पूर्व अनुभाग से संभव दूषण रोका जा सके।

(2) प्रसंस्करण क्षेत्र :

वह क्षेत्र जहां कच्चा माल प्राप्त तथा भण्डारित किया जाता है, उस क्षेत्र से, जिसमें उत्पाद अन्तिम रूप मे तैयार होता है या उसकी पैकिंग की जाती है, इस ढग से अलग रखा जाएगा कि तैयार उत्पाद जीवाणु दूषण से बच सकें। खाद्य उत्पादो का भण्डार के लिए उपयोग मे लाए जाने वाले क्षेत्र तथा कक्ष उन क्षेत्रो तथा कक्षों से अलग तथा भिन्न होंगे जिनमें अखाद्य सामग्री रखी जाती है। जिन क्षेत्रो में सामग्री उठाई धरी जाती है वे निवास के प्रयोजन के लिए प्रयुक्त क्षेत्रो से पूर्णतः अलग होंगे।

(3) छत, दीवार तथा फर्श :

छत की डिजाइन तथा बनावट इस प्रकार की होगी कि उसे धूल, वाष्प तथा कृन्तकों के जमा होने से बचाया जा सके तथा उसकी आसानी से सफाई की जा सके। छत की ऊंचाई कम से कम 3 मीटर (10 फीट) होगी। वह दरारो तथा खुले जोड़ो से मुक्त, चिकनी जल सह तथा हल्के रंग वाली होगी।

केनरी की भीतरी दीवारें चिकनी, जल सह, गर्तों तथा दरारों से मुक्त, हल्के रग वाली तथा कम से कम 1 5 मीटर (5 मीटर) ऊंची तथा इस प्रकार कि होगी कि उनकी आसानी से सफाई की जा सके। दीवार मे कोई प्रक्षेप नही होना चाहिए और पाइप और केबिल अच्छी प्रकार से ढके होगे।

फर्श मजबूत, जल सह, अविषैले, अनवशोषी तथा असंक्षारणीय सामग्री से बनाए जाएंगे जिन्हें आसानी से विसक्रामक तथा साफ किया जा सके। वे फिसलन तथा दरारों से मुक्त होने चाहिए और उनमें ढलान ऐसा हो कि वह पानी बहा ले जाने के लिए उपयुक्त हो।

(4) मक्खियो से बचाव, कीड़ों और पशुओं पर नियंत्रण :

प्रसंस्करण क्षेत्र मे मक्खियों से बचाव के लिए प्रभावशाली व्यवस्था की जाएगी तथा अन्य कीड़ो कृन्तकों, पक्षियो, बिल्लियों, कुत्तो आदि के प्रवेश को रोकने के लिए प्रसंस्करण क्षेत्र में उपयुक्त उपाय किए जाएंगे।

(5) प्रकाश तथा संवातन :

सभी कार्य क्षेत्रों में अच्छा प्रकाश होना चाहिए। प्रसंस्करण मेज या उत्पाद की तैयारी के किसी भी प्रक्रम पर प्रकाश के लिए बल्ब तथा फिक्सर सीधे नही लटकाए जाने चाहिए। वे ऐसे सुरक्षित प्रकार के होने चाहिए कि टूटने पर सदूषण रोका जा सके। अत्याधिक ऊष्मा, सघनन तथा अवांछनीय गन्ध, धूल, वाष्प या धुएं को रोकने के लिए परिसर में अच्छी संवातन व्यवस्था होनी चाहिए। अत्यधिक उष्मा, प्रवाष्प, अवांछनीय लपेटे या संदूषण एरोसोल उत्पन्न करने वाले उपकरणों तथा क्षेत्र के प्राकृतिक या यांत्रिक संवातन प्रणाली द्वारा संवातन पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। सवातन द्वार में परदा लगा होना चाहिए। और यदि अपेक्षित हो तो उपयुक्त वायु फिल्टर लगा होना चाहिए। खिड़कियो पर भी जो संवातन के प्रयोजनों के लिए खोली जाती है, परदे लगे होने चाहिए। सफाई के लिए परदे आसानी से हटाए जा सकने वाले होने चाहिए और वे जगरोधी सामग्री से बने होने चाहिए।

(6) काम करने वाली मेजे तथा बर्तन :

मछली से बने डिब्बा बन्द उत्पादो के प्रसंस्करण के दौरान प्रयुक्त कार्य मेज, कार्य सतह आधान, ट्रे, टैंक या अन्य बर्तन चिकनी, अप्रभावित अविषैली सामग्री के होंगे जो कि जगरोधी होंगे तथा डिजाइन और बनावट इस प्रकार की होगी कि स्वास्थ्य संबंधी खतरों से बचा जा सके तथा सुगमता से अच्छी सफाई की जा सके। खाद्य वस्तुओ के सम्पर्क में आने वाली सतहें चिकनी, गढ़ढो, दरारों, मनुष्यों के लिए हानिकारक पदार्थों से मुक्त होंगी। उनकी बार-बार सफाई की जा सकती हो और उन्हें रोगाणुनाशी बनाए रखा जा सकता हो। मेज की सतह स्टैनलैस स्टील या एल्यूमिनियम की होगी और चिकनी तथा गढ़ढो और दरारों से मुक्त होगी। कार्य मेजों की व्यवस्था इस प्रकार की जाएगी कि कार्य सुगमता से किया जा सके। तथा उनके नीचे और आसपास सफाई आसानी से की जा सके। सामग्री धोने वाले टैंकों का डिजाइन इस प्रकार का होगा कि पानी उसमे सभी स्थानो पर जा सके और पानी को लगातार बदला जा सके तथा उनमें नाली का और सुगम सफाई का प्रबन्ध किया जा सके। अखाद्य तथा दूषित सामग्री के लिए प्रयुक्त बर्तनों की पहचान इस प्रकार होनी चाहिए कि खाद्य वस्तुओ की उठाई धराई के लिए उन्हें प्रयुक्त न किया जा सके। प्रसंस्करण क्रिया के दौरान कार्य क्षेत्रो से अपशिष्ट सामग्री शीघ्र हटाने के लिए पर्याप्त अपशिष्ट आधानों की व्यवस्था की जाएगी।

(7) उपस्कर तथा मशीनें

मशीनों तथा उपस्करों की डिजाइन इस प्रकार की होगी कि विसंक्रमण तथा अच्छी सफाई के लिए उनके पुर्जे आदि आसानी से खोले जा सकें, और स्थिर उपस्कर इस ढंग से लगाए जाएंगे कि उन तक आसानी से पहुंचा जा सके और उनकी अच्छी सफाई की जा सके तथा उन्हें विसंक्रमण किया जा सके। प्रत्येक केनरी में निम्नलिखित उपस्कर तथा मशीनें पर्याप्त मात्रा में लगाई जाएंगी :—

(1) कारगर दशा में रखी गई अर्धस्वचलित तथा स्वचलित सिलाई की मशीनें,

(2) (क) थर्मामीटर (ख) दबाव जाली (ग) सीम स्प्रेडर (घ) संवातन वाल्व तथा (ङ) सुरक्षा वाल्व के युक्त रिटार्ट,

(3) कन्वेयर पद्धति सहित वहन चेम्बर,

(4) मानक तुलन मशीनें तथा बाट

(5) धवलन टैंक तथा स्टेनलैस स्टील से बने सबंधित बर्तन,

(6) एक लाइन में कम से कम 7 अंक उत्कीर्ण करने की क्षमता वाली कोड उत्कीर्णन मशीनें,

(7) स्वचालित क्लोरीनीकरण यंत्र के साथ फिट किया गया शीतल टैंक,

(8) उचित प्रकार के बायलर तथा उप-साधन तथा एक ही समय में सभी सामान्य क्रियाओं के लिए भाप वितरण क्षमता, तथा प्रवाष्प ले जाने वाली सभी नालियां उचित रूप से उष्मारोधी होंगी।

(9) सीवन दोष, पी एच, खारापन, निर्जीवाणुहीनता, वैक्यूम प्राप्त क्लोरीन आदि जैसी बातों का नैमिक पता लगाने के लिए परीक्षण सुविधाएं, तथा

(10) तैयार डिब्बों वाली क्रेटों को उठाने के लिए यांत्रिक उत्थापक उपस्कर ।

(8) भण्डारकरण तथा भाण्डागारण :

डिब्बा बन्द करने वाली यूनिटों के पास, डिब्बा बन्द उत्पादों के अलग भाण्डागारण के लिए सुविधाएं होंगी। भाण्डागार पर्याप्त क्षमता वाले होंगे तथा ऐसे होंगे कि भण्डारित उत्पाद को, चरम तापमान पर शुष्क तथा अनुच्छन रखा जा सकता हो। इसे नमी से पर्याप्ततः बचाया जाएगा तथा भली प्रकार साफ और स्वास्थ्यकर रूप में रखा जाएगा ।

सभी प्रक्षालक तथा रोगाणुनाशक अलग-अलग भण्डारित किए जाएंगे। पैकिंग सामग्री को भण्डार करने की व्यवस्था अलग से होगी। अग्निशामक यंत्रों के अतिरिक्त विषैले पदार्थ जैसे, कृन्तकनाशी, धूमक, कीटनाशी या अन्य पदार्थ, अग्निशामक उपस्कर को छोड़कर, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, पृथक बन्द कमरे में रखे जाने चाहिए। ये सभी पदार्थ तथा उपस्कर केवल प्रशिक्षित व्यक्तियों के भारसाधन में होने चाहिए।

(9) जल तथा बर्फ

पेय जल (जिसकी विशेषताएं, विश्व स्वास्थ्य संगठन की पेय जल के लिए अन्तर्राष्ट्रीय मानक में दी गयी है अपेक्षाओं के अनुसार होंगी) का अच्छी मात्रा में प्रदाय होना चाहिए। प्रदाय की लाइनों में सूक्ष्म जीवों के बढ़ने का कम करने के लिए पानी में अवशिष्ट के भीतर क्लोरीन अंश को परिवर्तित करने के लिए क्लोरीनीकरण पद्धति का प्रयोग किया जायेगा। कच्ची सामग्री को धोने के लिए प्रयुक्त जल पुनः प्रयुक्त करने के लिए तब तक प्रक्रमित नहीं किया जाएगा जब तक कि उसे पीने योग्य क्वालिटी के स्तर तक पुनः भण्डारित नहीं कर दिया जाता। यदि प्रसंस्करण के लिए प्रयुक्त जल, पेय जल के प्रदाय स्रोतों से भिन्न स्रोतों से दिया जाता है तो उसके पेय होने के बारे में प्रमाण पत्र पेश किया जाएगा जो अभिकरण या उसके द्वारा अनुमोदित कोई संस्था देगी। यदि बायलर या अन्य सहायक सेवाओं के लिए पीने के अयोग्य जल का प्रदाय किया जाता है तो सहायक जल वितरण पद्धति तथा पेय जल वाहक पद्धति के बीच कोई आस संबंध नहीं होगा। यदि जल संचयन टंकी से प्राप्त जल प्रयुक्त किया जाता है तो संचयन टंकी पर्याप्त क्षमता वाली होगी और उसे बाहरी संदूषणों से सुरक्षित रखा जाएगा। संचयन टंकी 6 मास में कम से कम एक बार अच्छी तरह साफ की जाएगी। प्रसंस्करण के लिए प्रयुक्त जल में, क्लोरीन का अंश, कम से कम 3 पी०पी०एम० रखा जाएगा।

बर्फ पेय जल से बनाई जाएगी और उसका विनिर्माण, उठाई-धराई तथा संचयन इस प्रकार किया जाएगा कि उसे संदूषणों से बचाया जा सके। यदि बाहर की बनी बर्फ प्रयोग की जाती है तो यह सुनिश्चित किया जाएगा कि वह पेय जल से बनी तथा दूषित नहीं है। बर्फ तोड़ने की मशीनों का यदि प्रयोग किया जाता है तो उन्हें अच्छी साफ हालत में रखा जाएगा। बर्फ को दूषण तथा अधिक पिघलने से बचाने के लिए एक विशेष कक्ष या अन्य उपयुक्त भण्डार गृहों की सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए।

10. सफाई संबंधी सुविधाएं तथा नियंत्रण :

(i) डिब्बों की सफाई तथा धुलाई

यह सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक डिब्बे का भली प्रकार निरीक्षण किया जाएगा कि वह टूटा नहीं है और उसमें कोई कमी नहीं है। डिब्बों में मछली से बने उत्पाद पैक करने से पहले उन्हें पेय जल (विशेष रूप से गर्म) जिसमें क्लोरीन अंश 10 पी०पी०एम० है, अच्छी तरह साफ किया जाएगा।

(ii) कार्य मेजों, ट्रे, बर्तनों तथा उपस्करों की धुलाई तथा विसंक्रमण

प्रसंस्करण के दौरान प्रयुक्त कार्य मेजों, ट्रे, बर्तनों, कटिंग बोर्ड, डिब्बों उपस्करों तथा कार्य साधनों के विसंक्रमण तथा सफाई के लिए आवश्यक सुविधाएं दी जानी चाहिए। बर्तन, ट्रे तथा मेज की सतह जो पैक न किए हुए माल के सम्पर्क में आती है, पहले उपयुक्त साफ करने वाले पदार्थ से साफ की जाएगी और अन्त में न्यूनतम 50 पी०पी०एम० क्लोरीन वाले जल से साफ की जाएगी। आवश्यकतानुसार ऐसी सफाई तथा धुलाई की जानी चाहिए। यह अच्छा होगा कि ऐसी सफाई तथा धुलाई की सुविधाएं एक अलग कक्ष में हों जहां गर्म तथा ठंडे पेय जल की सप्लाई उपयुक्त दबाव से हो और वहां से जल निकास की भी उचित सुविधाएं हों।

(iii) फर्श की धुलाई

प्रसंस्करण हाल, दिन का कार्य प्रारम्भ करने से पहले, एक बार साफ किया जाएगा और फिर प्रत्येक पारी के अन्त में साफ किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सफाई तथा धुलाई आवश्यकतानुसार बारबार की जाएगी।

(iv) वाहित मल तथा अपशिष्ट का निपटान

संयंत्र से तरल तथा अर्ध तरल अपशिष्ट को हटाने के लिए, उपयुक्त तथा पर्याप्त जल नालियां होंगी। वहां फर्श का ऐसा कोई हिस्सा नहीं होगा जहां पानी इकट्ठा तथा बन्द हो जाए। नालियां चिकनी तथा अप्रभावित सामग्री से बनी होंगी तथा डिजाइन इस प्रकार की होगी कि उसमें अधिक से अधिक तरल पदार्थ बह सके और न उसमें बाढ़ आए और न वह नालियों के बाहर जा सके। केवल खुली नालियों के अतिरिक्त अपशिष्ट ले जाने वाली नालियों उचित रूप से संवातित होंगी और यदि अपेक्षित है तो ठोस अपशिष्ट सामग्री को हटाने के लिए केच बेसिन तक ले जाया जाना चाहिए। ऐसा बेसिन प्रसंस्करण क्षेत्र से बाहर स्थित होना चाहिए और जल सह कंकरीट या अन्य सामान सामग्री का बना होना चाहिए कृन्तकों के प्रवेश को रोकने के लिए, खुली नालियों के जो दीवारों में से होकर गुजरती है, मुख पर धातु की जालियां लगाई जाएगी।

अपशिष्ट जल तथा कूड़े करकट के निपटान के लिए यथाशीघ्र ऐसा प्रबन्ध किया जाएगा कि पड़ोसी के लिए कोई सफाई संबंधी समस्या उत्पन्न न हो, शौच स्थल से मल इस ढंग से हटाया जाएगा कि उस तक मक्खियां न पहुंच सकें और यूनिट को दिया जाने वाला पानी उससे प्रदूषित न हो। किसी भी दशा में परिसर में किसी भी प्रकार का अपशिष्ट या पानी एकत्रित नहीं होगा।

(5) कारखाना परिसर से कुत्ते तथा पशुओं का बहिष्कार :

कुत्ते, बिल्लियों तथा अन्य पशुओं को, जिनसे रोग पैदा हो सकते हैं प्रसंस्करण परिसर में न तो प्रवेश करने दिया जायगा और न उन्हें उसमें या उसके आसपास रहने दिया जायेगा ।

(vi) शौच सुविधाएं :

इस संबंध में लागू विधिक अपेक्षाओं के अनुसार सफाई की दृष्टि से पर्याप्त शौच सुविधाएं दी जाएंगी । शौच स्थल प्रसंस्करण क्षेत्रों से दूर अलग स्थित होंगे । उनमें पर्याप्त प्रकाश होगा । शौच स्थल में अपने आप बंद होने वाले दरवाजे तथा हाथ धोने का बेसिन तथा साबुन की सुविधाएं होंगी । धुलाई के प्रयोजनों के लिए पेय जल प्रयुक्त किया जाएगा ।

(11) कर्मचारियों का स्वास्थ्य तथा सफाई :

संयंत्र के प्रबंधक यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी ऐसे व्यक्ति को, जिसके बारे में यह ज्ञात है कि वह संक्रामक रोग से पीड़ित है या कारित कर सकता है, एकक के किसी भी क्षेत्र में कार्य करने की अनुमति नहीं दी जाएगी । ऐसे रोग का पता आसानी से लगाने के लिए प्रबंधक उन कर्मचारियों की, जो एकक के किसी भी क्षेत्र में कार्यरत हैं वर्ष में कम से कम एक बार स्वास्थ्य परीक्षा कराएगा ।

कैनरी में कार्य करने वाले सभी कर्मचारी कार्य करते समय अत्यधिक सफाई का ध्यान रखेंगे तथा मछली से बने उत्पादों को अन्य पदार्थ संदूषण से बचाने के लिए समस्त सावधानी बरतेंगे । प्रबन्धक समस्त कर्मचारियों को उनके कार्य के अनुसार ऐप्रेन तथा टोपियां देगा । मछली के उत्पादों की उठाई धराई में प्रयुक्त वस्त्राने साफ तथा स्वास्थ्यकर ढंग से रखे जायेंगे तथा अपारगम्य सामग्री के बने होंगे किन्तु उस दशा में नहीं जब इनका प्रयोग अन्यथा असंगत हो ।

कर्मचारी प्रत्येक दिन का कार्य आरम्भ करने से पहले तथा शौच स्थल में जाने के पश्चात काम आरम्भ करने से पहले तथा अन्य अवसरों पर जहां भी आवश्यक हो, अपने हाथ साबुन या किसी अन्य प्रक्षालक वस्तु से तथा गर्म पानी से धोएंगे । कर्मचारी, जब भी आवश्यक हो और विशेष रूप से प्रसंस्करण कक्ष से प्रत्येक अनुपस्थिति के पश्चात तथा उसमें प्रवेश करने से पूर्व अपने पैर पेय जल तथा साबुन से धोएंगे । वस्त्रानों का पहनना कर्मचारियों को हाथ धोने की आवश्यकता से मुक्त नहीं करेगा ।

उठा-धराई तथा प्रसंस्करण के दौरान कोई भी ऐसा व्यवहार करना जैसे, तम्बाकू या कोई अन्य सामग्री खाना धूम्रपान करना या चबाना थूकना आदि, जो उत्पाद को संभाव्यत: दूषित कर सकता है उठा-धराई तथा प्रसंस्करण क्षेत्रों के किसी भी हिस्से में करना सख्त मना होगा ।

जहां स्त्री पुरुष दोनों नियोजित हों, वहां अलग-अलग शौचागार, भोजन कक्ष, कपड़े बदलने के लिए कक्ष तथा आराम कक्षों की सुविधाएं दी जाएंगी । सामान्यत: भोजन कक्ष में सभी कर्मचारियों के लिए बैठने की जगह होगी तथा अनावश्यक संकुलन किए बिना कपड़े बदलने के कक्ष में प्रत्येक कर्मचारी को झाँकर सुविधाएं दी जाएंगी ।

कार्यकाल के घंटों के दौरान न पहने जाने वाले कपड़े और जूते प्रसंस्करण क्षेत्र में नहीं रखे जाएंगे ।

(12) परिवहन सुविधाएं :

कच्चा माल, केवल विद्युत्तरोधी प्रणीतित वाहनों में ही ले जाया जाएगा । ऐसे वाहनों को प्रत्येक उपयोग के पश्चात धोया तथा रोगाणुओं से मुक्त किया जाएगा तथा इस तरह से रखा जाएगा कि वे उत्पाद को दूषित न कर सकें ।

कोई भी व्यक्ति जिसके बारे में यह ज्ञात है कि वह संक्रामक रोग से पीड़ित है या जिसके संक्रामक घाव है या खुली चोट है, मछली के उत्पादों के परिवहन में नहीं लगेगा । आवश्यक आधानों तथा उपस्करों तथा वाहनों की सफाई नैमित्तिक रूप से की जाएगी जिसमें उचित अपमार्जक या रोगाणुनाशक तत्व मिले हुए पेय जल या साफ समुद्र के पानी से धोना, रगड़ाई तथा सफाई करना आवश्यक है ।

(13) अभिलेखों का रखा जाना :

डिब्बा बंद मछली तथा मछली से बने उत्पादों के प्रसंस्करण पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए प्रसंस्करणकर्ता परिषद द्वारा समय समय पर यथा विहित आवश्यक रजिस्टर तथा रिकार्ड रखेगा । यह अभिलेख तथा रजिस्टर अभिकरण के अधिकारियों को यथापेक्षित रूप में उपलब्ध किया जाएगा ।

प्रसंस्करण एककों का अनुमोदन : निर्यात के लिए डिब्बा बंद मछली तथा मछली से बने उत्पादों को प्रसंस्करण करने का इच्छुक प्रसंस्करणकर्ता अपने ऐसा करने के आशय की सूचना लिखित रूप में परिषद द्वारा विहित प्रोफार्मा में, अभिकरण के अधिकारी प्रसंस्करण एकक में यह देखने के लिए जायेंगे कि एकक में प्रसंस्करण के लिए सुविधाएं हैं या नहीं । यदि यह पाया जाता है कि एकक में वे न्यूनतम सुविधाएं जो इन नियमों में विहित हैं, विद्यमान हैं तो परिषद यह देखने के लिए विशेषज्ञों का पैनल गठित करेगा कि एकक में पर्याप्त सुविधाएं हैं तथा आवश्यक कार्यवाही के लिए, वह अपना अनुमोदन अभिकरण को सूचित करेगा । पैनल का अनुमोदन प्राप्त होने के पन्द्रह दिन के भीतर अभिकरण या तो एकक को अनुमोदित करेगा तथा उसे डिब्बा बंद निर्यात के लिए मछली तथा मछली से बने उत्पादों का प्रसंस्करण करने की अनुमति दे देगा या उसे अनुमोदित करेगा कि और प्रसंस्करणकर्ता को निर्यात के लिए डिब्बा बंद मछली तथा मछली से बने उत्पादों के प्रसंस्करण की अनुमति नहीं देगा ।

(2) अभिकरण ऐसे किए गए अनुमोदन की सूचना प्रसंस्करणकर्ता को लिखित रूप में देगा । एकक के अनुमोदित कर दिये जाने की दशा में, पैनल अपने द्वारा अभिलिखित कमियों को दर्शाते हुए, इसकी सूचना प्रसंस्करणकर्ता को लिखित रूप में देगा ।

(2) 1 ऐसी कमियां दूर करने के पश्चात प्रसंस्करणकर्ता कमियों दूर करने की बाबत विस्तृत रिपोर्ट सहित एक नया आवेदन अभिकरण को प्रस्तुत करेगा । इस आवेदन-पत्र की प्राप्ति पर अभिकरण पैरा (1) तथा (2) में विस्तृत रूप से दिए गए कदम उठाएगी ।

(3) निम्नलिखित कारणों से, सूचना की प्राप्ति की तारीख से सात दिन के पश्चात संबंधित प्रसंस्करणकर्ता को सूचना देकर, दिया गया अनुमोदन वापिस ले लिया जाएगा, अर्थात् –

(1) यदि उपस्करण, मशीनरी और भंडार सुविधाएं अच्छी चालू हालत में नहीं हैं,

(2) यदि एकक की स्वास्थ्य और सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं है,

(3) यदि प्रति-जांच के लिए, लिए गए नमूने अधिकथित मानकों के अनुसार नहीं हैं,

(4) यदि प्रसंस्करणकर्ता ने अधिसूचना के उपबंधों या समय-समय पर जारी किए गए अनुदेशों का उल्लंघन किया है या जानबूझकर उल्लंघन करने का प्रयत्न किया है ।

(4) अनुमोदन के ऐसे वापिस ले लिए जाने की सूचना प्रसंस्करणकर्ता को लिखित रूप में दी जाएगी ।

(5) (1) यदि प्रसंस्करणकर्ता अनुमोदन वापिस ले लिए जाने के विनिश्चय से व्यथित है तो वह अपील पैनल के समक्ष अपील फाइल कर सकता है ऐसे मामलों में उसे प्रसंस्करण जारी रखने की अनुमति होगी ।

(2) यदि अपील-पैनल विनिश्चय उसके प्रतिकूल करता है तो प्रसंस्करण को मध्यवर्ती अवधि के दौरान प्रसंस्कृत सामग्री निर्यात करने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(6) जिस एकक का अनुमोदन वापिस ले लिया गया है, वह कमियों को दूर करने के पश्चात अभिकरण से नया अनुमोदन लेने के लिए नए सिरे से आवेदन कर सकेगा ।

(7) उपरोक्त 3(i), 3(ii), 3(iii) तथा 3(iv) में दिए गए कारणों से, यदि किसी भी समय उत्पाद की अनुरूपता को विनिर्देशों के अनुरूप बनाए रखने में कठिनाई होती है या किसी कारणवश अभिकरण यह निर्देश देता है कि निर्यात के लिए उत्पादन निलम्बित कर दिया जाए तो अभिकरण को सूचित करते हुए निर्यात के लिए प्रसंस्करण तभी निलम्बित कर दिया जाएगा। निर्यात के लिए प्रसंस्करण तभी पुनः आरम्भ किया जाएगा जब उसके लिए अभिकरण लिखित में अनुमोदन दे दे।

ग. **प्रसंस्करण** : (1) प्रसंस्करणकर्ता सक्षम तकनीकी कर्मचारियों के पर्यवेक्षण में ही अनुमोदित एककों में प्रसंस्करण करेगा।

(2) प्रसंस्करण के लिए केवल ऐसी कच्ची सामग्री, जो ताजी, स्वच्छ, दुरुस्त विशिष्ट आकृति वाली, सुगंध, रंग तथा बनावट वाली होगी, स्वीकृत की जाएगी।

